
# प्रतिबिम्ब

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

### इस्पात को गति में परिवर्तित करते हुए.........

षष्ठम् संस्करण वर्ष–3 अंक–6 सितम्बर 2019

## महाप्रबन्धक महोदय का संदेश



भारतीय रेल ने विगत कुछ वर्षों में सराहनीय परिवर्तन का स्वच्छता एवं पारदर्शिता के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किये हैं।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना ने उत्पादन एवं प्रगति क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं।

पर्यावरण के संरक्षण एवं अनेक प्रतिष्ठित प्रमाण पत्रों को प्राप्त कर आधुनिक रेल डिब्बा कारखाने में अपनी प्रतिष्ठा को उच्च आयाम पर स्थापित किया है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि राजभाषा विभाग अपने प्रतिबिम्ब पत्र के अंक 6 का प्रकाशन करने जा रहा है जो सभी के लिए सूचनावर्धक पर ज्ञानवर्धक प्रमाणित होगा।

मैं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके कुशल कार्यक्षमता के लिए बधाई देता हूँ।

## समाग्री प्रबन्धन

वित्तीय वर्ष 2018–19 में रेलवे बोर्ड द्वारा **TOR Target 10%** के सापेक्ष बेहतर प्रदर्शन करते हुये **TOT 9.44%** प्राप्त किया।


भंडार विभाग दिनांक 08.04.2019 से **IMMS** पर कार्य करना शुरू कर दिया है। जिससे दूसरे रेलवे के साथ इंटीग्रेट हो गया है।

वर्ष 2019–20 में अब तक भंडार विभाग, आरेडिका 3 वैंडर मीट का आयोजन/सहभागी भारत के विभिन्न शहरों में कर चुका है।

दिसंबर 2018 में, **MXF** का **Coach Production Target** 1250 **Coach** से 1425 **Coach** कर दिया गया। जिसमें भंडार विभाग त्वरित कारवाई करते हुये समय से सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जिससे **MXF** अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर सका।




64वें वार्षिक रेल वार्षिक पुरस्कार समारोह 2019 में पुरस्कार लेते हुये महाप्रबन्धक महोदय आरेडिका



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाप्रबन्धक महोदय आरेडिका

## वित्तीय विभाग

आरेडिका प्रोजेक्ट पर 30 नवम्बर 2017 तक स्वीकृत बजट रूपये 3192.00 करोड़ के सापेक्ष 30 जून 2019 रूपये 2867.08 करोड़ का व्यय हुआ है।

आरेडिका द्वारा 30 मार्च 2019 तक 3354 कोच का विनिर्माण हुआ है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2019–20 में 30 जून 2019 तक 412 कोचों का विनिर्माण किया गया है। जिसकी एवज में विभिन्न रेलवे से रूपये 799.73 करोड़ वर्तमान वित्त में वर्ष वसूल किया गया है, जो गत वर्ष से तुलना में 42.88 प्रतिशत अधिक है।

लेखा विभाग द्वारा वार्षिक बजट एवं एक्सचेकर के प्रबन्ध में वर्ष 2019–20 में 30 जून 2019 तक 815.86 करोड़ का भुगतान कर्मचारियों एवं ठेकेदारों को किया गया।

आरेडिका द्वारा अप्रैल 2015 में कारखाना सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों का सेवानिवृत्त लाभ का भुगतान प्रारम्भ हुआ है। वर्तमान समय 30 जून 2019 तक सामान्य पेंशन के 34 एवं एन.पी.एक्स के 9 कुल 43 कर्मचारियों एवं अधिकारियों की सेवानिवृत्त लाभ का भुगतान किया गया है।

## फर्नीसिंग विभाग

उत्पादन लक्षण को प्राप्त करने हेतु पंचवटी की कम संग्रहण आपूर्ति तथा निर्गम हेतु भंडार विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। डिब्बा उत्पादन के संदर्भ में भंडार विभाग की कार्य प्रणाली रीड़ की हड्डी है जिसमें फर्निशिंग डिपो एक है।

फर्निशिंग डिपो में अप्रैल 2019 में जून 2019 के दौरान मूल्य 321 करोड़ की सामग्री प्राप्त हुई जिसका रखरखाव एवं कारखाने को विशेष सफलतापूर्वक किया गया। फर्निशिंग डिपो में 1480 पद हैं जिसकी प्रतिदिन मोनिटरिंग की जाती है जिसके कारण क्रिटिकल पदों को अन्य रेलवे पदों से तत्काल लाने की व्यवस्था की जाती है और नॉन स्टाक से कम करके उपलब्धता सुनिश्चित की जाती है।

अप्रैल 2019 में फर्निशिंग डिपो से **IMMIS** लागू किया गया जिसके द्वारा डिपो का समस्त प्रकार का कार्य ऑनलाइन किया जा रहा है।

उत्पादन लक्ष्य जो कि 2019–20 के लिए 2133 कोष बनाने का है अब बढ़ते लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए समाग्री की अधिकतम् मात्रा को वार्डो में **ASRS** में रखने हेतु नयी पैलेटों की खरदीदारी करके सामग्री को सुरक्षित रखा जाता है।

## पेन्ट शॉप एवं फर्निशिंग शॉप

प्रथम तिमाही में कुल 455 कोचों को पेन्ट करके फर्निशिंग शॉप को भेजा गया।

हमसफर का एक रैक गेट आउट किया गया।

प्रथम तिमाही में कुल 412 कोचों को एम.सी.ए. विभिन्न रेलवे को भेजा गया।

पेंटिंग में लगने वाले समय को कम करने के लिये पेंटिंग **Wet on Wet** प्रणाली के द्वारा 63 कोचों की पेन्टिंग की गयी।

## कार्मिक विभाग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना डिब्बा रायबरेली में क्रमिक विभाग द्वारा वित्तीयवर्ष 2018–19 में अनेक महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न किये गये हैं। जैसे पिंस के स्थान पर नम्बर 2018 से आईपास को सफलतापूर्वक लागू किया गया है। इस अवधि में 812 कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गयी। सभी 2340 अधिकारियों/कर्मचारियों के सेवा रिकार्ड को डिजिटल किया गया है। सभी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए बारकोड साथ 2270 नये पी.वी.सी. आधारित पहचान पत्र तैयार कर वितरण किया गया है। अब पहचान पत्र की छपाई का कार्य क्रमिक विभाग द्वारा ही किया जायेगा। 14 बैटरी संचालित ई–रिक्शा एम.सी.एफ में संचालित की जा रही है। जिसमें 8 को सार्वजनिक परिवहन के लिये एम.सी.एफ. परिसर में कल्याण अनुभाग द्वारा संचालित किया जा रहा है। 30 दिव्यांग रेलवे कर्मचारियों को एम.सी.एफ. द्वारा दिनांक 12.2.2019 से 14.2.2019 तक चित्रकूट एवं खजुराहों के विभिन्न दर्शनीय स्थानों का भ्रमण कराया गया। दिनांक 10.3.2019 अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एम.सी.एफ. द्वारा 25 महिला कर्मचारियों का एक विशेष शिविर कानपुर एवं बिठुर के विभिन्न दर्शनीय स्थानों का भ्रमण कराया गया। एम.सी.एफ द्वारा 47 रेलवे कर्मचारियों की पुत्रियां जो कक्षा 9 से 12 तक की छात्रा थी और एम.सी.एफ में रहती है को बी.एस.ए. साईकिल वितरण किया गया।

## सुरक्षा विभाग

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली सुरक्षा विभाग में तैनात सुरक्षा बल सदस्यों ने मुश्तैदी से कार्य करते हुए द्वारा दिनांक 23.05.2019 को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रायबरेली पर मुकदमा अपराध सं. 02/2019 अंतर्गत धारा 3 **RP(UP) Act** जमीरउल्ला आदि कीमत रू. 18240/– का मामला दर्ज किया गया जिसमें 05 बाहरी व्यक्तियों की गिरफ्तारी अमल लायी गयी।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली सुरक्षा विभाग में तैनात सुरक्षा बल सदस्यों ने मुश्तैदी से कार्य करते हुए द्वारा अप्रैल से जून के बीच रेलवे एक्ट के तहत 02 मामले दर्ज कर 02 बाहरी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

05 जून 2019 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। साथ ही रेलवे सुरक्षा बल बैरक में वृक्षारोपण भी किया गया।

21 जून 2019 को अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस के अवसर पर समस्त रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के साथ सुरक्षा बल सदस्यों ने स्वास्थ्य ही धन है को साकार करने के लिए वर्ष 2019 थीम पर्यावरण परिवर्तन के लिये योग चलाया।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली को प्रशान्ति परिसर एवं कारखाना परिसर से यातायात नियम को पालन कराने एवं समस्त रेलवे कर्मचारी व उनके परिवार के सुरक्षा एवं हेतु दो पहिया वाहन चालक हेतु हेलमेट के बिना गाड़ी चलाने पर प्रतिबंध लगाया।

सुरक्षा विभाग के रे0सु0ब0 पोस्ट में तथा वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त/रेसुब पोस्ट में तथा वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त के कार्यालय एवं सुरक्षा आयुक्त कार्यालय में रेलवे सुरक्षा बल मेंसभी कार्य हिन्दी में किये जाते हैं तथा सभी रजिस्टरों में प्रविष्टि भी हिन्दी में की जाती है।

## महत्वपूर्ण बातें

हिन्दी आशुलिपि/टंकण में प्रशिक्षित कर्मचारी
कम्प्यूटर पर हिन्दी कुंजीयन में प्रशिक्षित कर्मचारी
हिन्दी कार्यान्वयन एवं अनुवाद में सहायता के लिये राजभाषा सहायक
कम्प्यूटर पर हिन्दी में कार्य करने की सुविधा
सहायक साहित्य की उपलब्धता

हिन्दी में प्राप्त पत्रों के उत्तर हिन्दी में दें।

पत्राचार में हिन्दी का प्रयोग करें।

लिफाफों पर पते हिन्दी में लिखें।

अनुशासनिक मामलों की कार्रवाई हिन्दी में करें।

दौरा कार्यक्रम, यात्रा भत्ता बिल हिन्दी में प्रस्तुत करें।

रजिस्टरों/फाइलो/डायरियों में प्रविष्टियाँ हिन्दी करें।

## राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 3 (3) के अन्तर्गत आने वाले कागजात

1. सामान्य आदेश – **General Orders**
2. सूचनायें – **Notices**
3. अधिसूचनायें – **Notification**
4. प्रेस विज्ञप्तियाँ/प्रेस नोट – **Press Communiques/Press Notes**
5. संविदायें – **Contracts**
6. करार – **Agreements**
7. लाइसेन्स – **Licences**
8. परमिट – **Permits**
9. टेंडर फार्म और नोटिस – **Form of Tender & Notices**
10. संकल्प – **Resolution**
11. नियम – **Rule**
12. प्रशासनिक रिपोर्ट और संसद में प्रस्तुत सरकार प्रलेख – **Administrative reports & Official documents laid before the Parliament.**

इन कागजातों को द्विभाष रूप में जारी करना हमारी संवैधानिक अनिवार्यता है।

### रबर स्टैम्प, पत्र शीर्ष और सील का उपयोग करने से पहले सुनिश्चित करें कि वे :

- हिन्दी–अंग्रेजी द्विभाषी रूप में है।
- हिन्दी ऊपर तथा अंग्रेजी नीचे लिखें।
- हिन्दी–अंग्रेजी के अक्षर समान होने चाहिये।

✤ ✤ ✤

अपने विभाग/कार्यालय के शत–प्रतिशत कार्य हिन्दी में करने के लिये नामित अनुभागों की जानकारी रखें और उनमें पूरा कार्य हिन्दी में करवायें।

✤ ✤ ✤

निरीक्षण पर जाते समय अपने कार्य से सम्बन्धित निरीक्षण के साथ–साथ उस कार्यालय की हिन्दी प्रगति का भी निरीक्षण करें और तत्संबंधी टिप्पणी अपनी निरीक्षण रिपोर्ट में दर्ज करें।

# आरेडिका की महत्वपूर्ण झलकियाँ




कर्मचारियों को प्रमाण पत्र देते महाप्रबन्धक महोदय।



मीटिंग करते कर्मचारी एवं अधिकारीगण।




मीटिंग में प्रस्तुतिकरण करते हुये अधिकारी।



शपथ लेते अधिकारी एवं कर्मचारीगण।



विश्व पर्यावरण दिवस में प्रभात रैली निकालते बच्चे।




विश्व पर्यावरण दिवस पर आये अधिकारी एवं कर्मचारीगण।




राजभाषा पखवाड़ा 2019 में उपस्थित कर्मचारीगण एवं राजभाषा अधिकारीगण



निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लेते कर्मचारीगण।

| संरक्षक | प्रमुख सम्पादक | सम्पादक |
|---|---|---|
| श्री सुनीत शर्मा | श्री आर.एन. टोप्पो | श्री संजय निगम |
| महाप्रबन्धक | मुख्य राजभाषा अधिकारी | वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक एवं राजभाषा अधिकारी |